ओ पालनहारे निर्गुण और न्यारे

ओ पालनहारे निर्गुण और न्यारे,
तुमरे बिन हमरा कौनो नहीं |
हमरी उलझन सुलझाओ भगवन,
तुमरे बिन हमरा कौनो नहीं ||

तुम ही हमका हो संभाले |
तुम ही हमरे रखवाले ||

चंदा मे तुमही तो बने हो चांदनी |
सूरज मे उजाला तुमही से ||
यह गगन है मगन,
तुही तो दिए हो सितारे |
भगवन यह जीवन, तुमही ना सवारोगे तो क्यों कोई सवारे ||

जो सुनो तो कहें,
प्रभु जी हमरी है बिनती |
दुखी जन को धीरज दो,
हारे नहीं वो कभी दुःख से |
तुम निर्बल को रक्षा दो,
रह पाए निर्बल सुख़ से |
भक्ति दो, शक्ति दो |
जग के जो स्वामी हो,
इतनी तो अरज सुनो |
है पथ मे अन्धिआरे,
दे दो वरदान मे उजयारे ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/76/title/o-paalan-haare-nurgan-aur-nyare-tumhare-bin-hamra-kono-nahi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |